# शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद्
## लोक शिक्षण संचालनालय
## इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

फेक्स नं. 0771–242521 दूरभाष क्रं. 0771–2331385 ई–मेल–cg.dpi.dir@gmail.com


क्रं. शी.मु.क.कौ.प.प. / परीक्षा केन्द्र / 19 / 2024 / 161 नवा रायपुर दिनांक 22/3/2024

प्रति,

कुल सचिव
स्वामी विवेकानन्द तकनीकी
विश्वविद्यालय
उतई जिला दुर्ग

संचालक,
तकनीकी संचालनालय,
ब्लॉक–सी, चतुर्थ तल,
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर

विषयः–शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के संबंध में।

संदर्भः–छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर पत्र क्रं. 753 / 2022 / 20–3 / 115–116 नवा रायपुर दिनांक 6 / 2 / 2023

---

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद द्वारा साफ्टवेयर के माध्यम से परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली हिन्दी / अंग्रेजी शीघ्रलेखन के साथ ही विभिन्न गति की कम्प्यूटर कौशल परीक्षाओं के लिए आपके विभागान्तर्गत / सी.एस.व्ही.टी.यू उतई जिला दुर्ग से सम्बद्ध तकनीकी कॉलेजो की अद्यतन स्थिति में जानकारी गूगल शीट में चाही गई थी। जिसमें लगभग 30 तकनीकी इंजीनियरिंग / पॉलीटेक्निक कॉलेजो की अद्यतन स्थिति में जानकारी परिषद को ऑनलाईन प्राप्त हुई थी।

कालेजों से प्राप्त जानकारी के अवलोकन उपरान्त परिषद द्वारा लगभग 20 तकनीकी कॉलेजों को अन्तरिम रूप से परीक्षा केन्द्र बनाये जाने हेतू चयनित किया गया था तथा चयनित कालेजो के प्राचार्य, परीक्षा प्रभारी, विषय विशेषज्ञ एवं तकनीकी हार्डवेयर / साफ्वेयर इंजीनियर के साथ दिनांक 29 / 2 / 2024 को विडिओ कान्फ्रेस आहूत की गई थी।

यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि परिषद द्वारा साफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम बार परीक्षाएं आयोजित की जा रही है, जिसके लिए आपके विभागान्तर्गत संचालित ऐसे तकनीकी कॉलेज जिनमें अधिक संख्या में कम्प्यूटर सिस्टम, इन्टरनेट कनेक्टीविटी, पावर बैक–अप व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है उन्ही तकनीकी कॉलेजों को परीक्षा केन्द्र के लिए चयन किया गया था, किन्तु दिनांक 29 / 2 / 2024 को परिषद अध्यक्ष एवं संचालक लोक शिक्षण की अध्यक्षता में समस्त तकनीकी कॉलेजों के साथ विडियो कान्फ्रेस के पश्चात् लगभग 6 कालेजों द्वारा विभिन्न कारण दर्शाते हुए परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने संबंधी अनुरोध किया गया है।

यदि चयनित तकनीकी इंजीनियरिंग / पॉलीटेक्निक कॉलेज विभिन्न कारणों से परिषद की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने की असहमति व्यक्त करेगें तो परिषद की परीक्षाएं आयोजित करने में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। परिषद द्वारा यह परीक्षाएं वर्ष में 02 बार आयोजित की जाना है, चयनित समस्त कॉलेजों से आवश्यक सहयोग प्राप्त होने पर ही परीक्षाएं संचालित की जा सकेगी।

विदित हो कि वर्तमान में लोक सभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई है, जिसके अनुसार मतदान तिथियों को मध्येनजर रखते हुए साथ ही परिषद के समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली हिन्दी / अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं विभिन्न प्रकार की गति कौशल परीक्षाओं के लिए निम्नानुसार तिथियों में परीक्षाएं आयोजित की जायेगी अथवा तिथियों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना से पुनः अवगत कराया जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

| क्र. | संक्षिप्त नाम | परीक्षा का विषय | शीघ्रलेखन/मुद्रलेखन कौशल परीक्षा की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से तथा | कितने परीक्षा केन्द्रों पर | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HS/ES | हिन्दी एवं अंग्रेजी शीघ्रलेखन | 100 शब्द प्रतिमिनट की गति | हिन्दी 05 एवं अंग्रेजी 01 | 31/03/2024 |
| 2 | HT | हिन्दी कम्प्यूटर कौशल गति | 10000 की डिप्रेशन | 04 | 07/04/2024 |
| 3 | HT | हिन्दी कम्प्यूटर कौशल गति | 8000 की डिप्रेशन | 09 | 28/04/2024 |
| 4 | HT | हिन्दी कम्प्यूटर कौशल गति | 5000 की डिप्रेशन | 11 | 12/5/2024 एवं 19/5/2024 |
| 5 | ET | अंग्रेजी कम्प्यूटर कौशल गति | 5000 की डिप्रेशन | 09 | 26/05/2024 |
| 6 | ET | अंग्रेजी कम्प्यूटर कौशल गति | 10000 की डिप्रेशन | 04 | 02/06/2024 |
| 7 | ET | अंग्रेजी कम्प्यूटर कौशल गति | 8000 की डिप्रेशन | 06 | 09/06/2024 |

उपरोक्त तालिका में दर्शाई गई गति तथा किन–किन परीक्षा केन्द्रों पर किस तिथि में परीक्षाएं आयोजित होगी तत्संबंधी विस्तृत विवरण संलग्न प्रेषित है। संलग्न सूची में दर्शित परीक्षा केन्द्र आवश्यक तैयारी करने हेतु समुचित निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

अतः परिषद द्वारा उपरोक्तानुसार संलग्न विस्तृत विवरण का अवश्य परीक्षण कर लेवें, साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि निर्वाचन आयोग द्वारा आपके तकनीकी कॉलेज को परिषद द्वारा नामांकित परीक्षा केन्द्रों में निर्वाचन प्रकियाओं के लिए प्रशिक्षण अथवा अधिगृहित तो नहीं किया गया हो अथवा संस्थान में कोई अन्य परीक्षाओं के लिए तिथियॉं निश्चित हो तो कृपया तो तत्संबंध में अनिवार्य रूप से परिषद के दूरभाष पर तथा परिषद की वेबसाईड ctspboard@gmail.com पर पत्र के माध्यम से तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें ताकि तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सकें।

संलग्नः– परीक्षा केन्द्रों (विभिन्न गति/तिथि अनुसार) की सूची

संचालक/अध्यक्ष 22/03/24
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल
परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0

क्र. शी.मु.क.कौ.प.प./परीक्षा केन्द्र/19/2024/162
नवा रायपुर दिनांक 22/3/2024

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर
2. सचिव, छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर
3. अवर सचिव, छ0ग0 शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्रालय नवा रायपुर
4. सर्व संबंधित प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष ..............................................................................................
5. संचालक, राज्य सूचना–विज्ञान केन्द्र एन.आई.सी. एडी–2/14 मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर
6. श्रीमती ललिता वर्मा, उप संचालक, एन.आई.सी. मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित।

संचालक/अध्यक्ष
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल
परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0

Scanned with OKEN Scanner